आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.11.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- जोहान्सबर्ग में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री से आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहयोग पर महत्वपूर्ण वार्ता की।

- केन्द्र सरकार का बड़ा फैसला—पुराने श्रम कानूनों की जगह चार नई श्रम संहिताओं को मंजूरी दी गई।

- राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया राहतकर ने उप—राज्यपाल से मुलाकात की। अपने तीन दिवसीय दौरे के तहत अध्यक्षा आज महिला कैदियों से मिलेगी।

- विश्व मात्स्यिकी दिवस पर द्वीपसमूह में खुले समुद्र में पिंजरा मत्स्य पालन की शुरूआत।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी—20 शिखर सम्मेलन से अलग ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ के साथ बातचीत की। प्रधानमंत्री तीन दिवसीय जी—20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कल शाम जोहान्सबर्ग पहुँचे। दोनों नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने भारत में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले पर मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की थी। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने बताया कि बातचीत के दौरान उन्होंने तीन प्रमुख क्षेत्रों रक्षा और सुरक्षा, परमाणु ऊर्जा और व्यापार पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री ने दक्षिण अफ्रीकी बहुराष्ट्रीय इंटरनेट और प्रौद्योगिकी कंपनी नैस्पर्स के अध्यक्ष कूस बेकर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी फैब्रिसियो ब्लोसी के साथ भी बैठक की। प्रधानमंत्री मोदी ने जोहान्सबर्ग में भारतीय मूल के तकनीकी उद्यमियों और दक्षिण अफ्रीका में बसे भारतीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत की और उनसे भारत के साथ अपने जुड़ाव को और मजबूत करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री को चिन्मय मिशन की ओर से एक 'कलश' भी भेंट किया गया, जिसमें भारत और दक्षिण अफ्रीका से श्री अन्न या बाजरा शामिल है।

उन्होंने कहा कि इसे डरबन के अन्नपूर्णा देवी मंदिर में रखा जाएगा। प्रधान मंत्री ने दक्षिण अफ्रीका में आयोजित 'भारत को जानो प्रतियोगिता' के विजेताओं से भी मुलाकात की।

<><><><><><><>

गृहमंत्री अमित शाह ने देशभर में नए श्रम संहिताएं लागू होने पर देश के श्रमिकों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनाए गए ये संहिता श्रम कानूनों के इतिहास में सबसे बड़ा सुधार हैं। श्री शाह ने कहा कि ये संहितां श्रमिकों को न्यूनतम मज़दूरी, सामाजिक सुरक्षा, महिला मज़दूरों के लिए समान अवसर और असंगठित श्रमिकों को कानूनी पहचान की गारंटी देते हैं। उन्होंने कहा कि ये संहिताएं श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाएंगे और दुनिया के लिए एक रोल मॉडल बनेंगे। केंद्र सरकार ने कल देश में दशकों पुराने मौजूदा श्रम कानूनों को सरल और कारगर बनाने के उद्देश्य से चार नए श्रम संहिताओं को लागू करने की घोषणा की। ये नए श्रम संहिताएँ सभी श्रमिकों के लिए समय पर न्यूनतम वेतन, युवाओं को नियुक्ति पत्र, महिलाओं के लिए समान वेतन और सम्मान, चालीस करोड़ श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा और एक वर्ष की नौकरी के बाद निश्चित अवधि के कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी की गारंटी देंगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजय राहतकर ने अपने तीन दिवसीय अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह दौरे के दौरान राज निवास में उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से भेंट की। इस दौरान उन्होंने द्वीपों में महिलाओं की सुरक्षा, कल्याण और सशक्तीकरण से जुड़ी पहलों की समीक्षा की तथा भविष्य की कार्ययोजना पर विचार विमर्श किया। अध्यक्षा विजय राहतकर ने द्वीपों में आयोजित हो रहे लैंगिक संवेदनशीलता कार्यशाला, विभिन्न महिला समूह से संवाद तथा अनेक कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रही हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय महिला आयोग कल द्वीप समूह में महिला कैदियों से सम्बंधित कानूनों पर राष्ट्रीय परामर्श आयोजित करेगा। यह परामर्श देशभर में आयोजित क्षेत्रीय बैठकों से प्राप्त सिफारिशों पर आधारित होगा।

कार्यक्रम में मॉडल प्रिजन अधिनियम, जेल प्रबंधन, महिला कैदियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा, माताओं और बच्चों के अधिकार तथा तृतीय लिंग कैदियों की व्यवस्था जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय महिला आयोग और ग्रामीण विकास निदेशालय की ओर से डीब्रेट में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के लिए ''शी इज अ चेंज मेकर'' नामक एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के नेतृत्व कौशल, संचार दक्षता, डिजिटल साक्षरता तथा कानून संबंधी ज्ञान पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए गए। महिला आयोग की अध्यक्षा विजया राहतकर ने प्रतिभागियों को सक्रिय, आत्मविश्वासी और जनहित के प्रति संवेदनशील नेतृत्व का संदेश देते हुए पंचायती राज व्यवस्था में उनकी भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया राहतकर ने ए एन आई –सागरिका का दौरा कर स्थानीय शिल्पकारों द्वारा निर्मित हस्तशिल्पों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से भौगोलिक संकेत प्राप्त उत्पादों को द्वीपों की सांस्कृतिक पहचान का अनूठा प्रतीक बताया। बाद में उद्योग विभाग, एम एस एम ई, ग्रामीण विकास तथा सहायक विभागों द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह और विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं के उत्साह को प्रेरणादायक बताया और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए आयोग के सतत् सहयोग का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

मत्स्य विभाग की ओर से टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में विश्व मात्स्यिकी दिवस मनाया गया, जिसमें मुख्य सचिव चंद्र भूषण कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर द्वीपसमूह में पहली बार खुले समुद्र में पिंजरा मत्स्य पालन की औपचारिक शुरुआत की गई और चयनित लाभार्थियों को पट्टे सौंपे गए। कार्यक्रम में समुद्री शैवाल प्रशिक्षण पुस्तिका और वृत्तचित्र का भी लोकार्पण किया गया। मुख्य सचिव ने द्वीपों को सतत मत्स्य उत्पादन और समुद्री उद्योगों का उभरता केंद्र बताते हुए वैज्ञानिक तरीकों, गुणवत्ता सुधार, कोल्ड चेन विस्तार और टूना क्लस्टर विकास की प्रगति पर बल दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिताएं और विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी सत्र भी आयोजित किए गए।

<><><><><><><>

हैडो स्थित वन सदन में अण्डमान–निकोबार वन विभाग के खेल दल के सम्मान के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दल ने देहरादून में हुए अट्ठाइसवें अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता में एक स्वर्ण तथा दो रजत पदक प्राप्त कर द्वीपों का गौरव बढ़ाया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय कुमार सिन्हा ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। स्क्वैश में स्वर्ण पदक विजेता इमरान बख्श तथा शतरंज में दो रजत पदक प्राप्त करने वाली बी. चन्द्रकला को पदक और स्मृति चिह्न प्रदान किए गए।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप में चौबीस, पच्चीस, सत्ताईस और अट्ठाईस नवम्बर तथा अठारह और उन्नीस दिसम्बर को फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। सभी नागरिकों, वाहनों तथा पशुधन को निर्धारित अवधि में फायरिंग क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया राहतकर के द्वीपसमूह दौरे के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के समाचार को आज के अधिकांश समाचार पत्रों ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए प्रमुखता से छापा है। द डेली टेलीग्राम्स ने मुख्य सचिव द्वारा गर्ल्स स्कूल में राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के शुभारंभ के समाचार को सचित्र प्रकाशित किया है। सांसद बिष्णु पद रे द्वारा इंडियन ऑयल कॉपरेशन के अधिकारियों से द्वीपों में ईंधनों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के मुद्दे पर हुई बैठक के समाचार को द्वीप समाचार में जगह मिली है। टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में दिव्य कला शक्ति और दिव्य कला मेला आयोजित करने के समाचार को द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने, जबकि राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह के समापन के समाचार को द इको ऑफ इंडिया और इंफो इंडिया ने प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>